# भूगर्भीय सर्वेक्षण के लिए दो टीमें बनीं

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग ने पौड़ी गढ़वाल के आपदाग्रस्त क्षेत्र के भूगर्भीय सर्वेक्षण के लिए एक टीम का गठन किया है। इसमें भू वैज्ञानिक उप निदेशक डॉ. अमित कुमार, सहायक भू वैज्ञानिक डॉ. कृष्ण सिंह सजवान व प्राविधिक सहायक रुचि गोंदियाल शामिल हैं। उत्तरकाशी के आपदाग्रस्त क्षेत्र के लिए भी टीम बनी है, इसमें संयुक्त निदेशक जीडी प्रसाद, सहायक भू वैज्ञानिक रवि सिंह नेगी व प्रदीप कुमार शामिल हैं। ये टीमें भूगर्भीय सर्वेक्षण रिपोर्ट एवं भविष्य में आपदा से बचाव व सुरक्षा के लिए सुझाव देंगे।

# धराली व पौड़ी में भूगर्भीय सर्वेक्षण को टीमें गठित

**देहरादून :** उत्तरकाशी के धराली और पौड़ी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आई आपदा के दृष्टिगत भूगर्भीय सर्वेक्षण के लिए भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग ने भू-विज्ञानियों की टीमें गठित कर दी हैं। यह टीमें आपदा प्रबंधन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए रिपोर्ट तैयार करने के साथ ही भविष्य में आपदा से बचाव एवं सुरक्षा के लिए सुझाव देंगी। विभाग के निदेशक राजपाल लेघा के अनुसार टीम में विभाग के संयुक्त निदेशक जीडी प्रसाद, सहायक भूविज्ञानी रवि सिंह नेगी व प्रदीप कुमार शामिल हैं। पौड़ी जिले के लिए गठित की गई टीम में उपनिदेशक व भूविज्ञानी डा अमित गौरव, सहायक भूविज्ञानी डा कृष्ण सिंह सजवाण व प्रविधिक सहायक भूविज्ञान रुचि गोदियाल शामिल हैं।